आकाशवाणी चंडीगढ़

02 अक्तूबर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा में चुनाव प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।
- कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि उनकी सरकार बनने पर हरियाणा  में जातिगत गणना कारवाई जाएगी।
- जींद जिले के जुलाना विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प रहने के आसार,दो महिला पहलवानों के चुनाव मैदान में होने से यह सीट सियासी अखाड़ा बनी।
- आम आदमी पार्टी ने हिसार,आदमपुर,और फतेहाबाद में रोड शो निकला।

*******************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार खत्म होने के एक दिन पहले आज हरियाणा में विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टारप्रचारकों ने अपने उम्मीदवारों के

पक्ष में प्रचार किया। कुरुक्षेत्र के तीन विधानसभा हलकों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राजनाथ सिंह एवं अभिनेत्री व सांसद हेमा मालिनी ने चुनाव प्रचार किया।फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने लाडवा में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी के पक्ष में रोड शो किया। रोड शो लाडवा के जिंदल पार्क से शुरू होकर अंबेडकर चौक और इंद्री रोड से होते हुए शहर के बाजारों से गुजरा। रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनकी पत्नी सुमन सैनी भी शामिल हुई।वही केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद नवीन जिंदल ने थानेसर से बी जे पी प्रत्याशी सुभाष सुधा के पक्ष में रोड शो निकाला। कुरुक्षेत्र के सेक्टर 10 से शुरू होकर यह रोड शो अग्रसेन चौक से होता हुआ शहर के मुख्य बाजार से गुजरा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यमुनानार के सदौरा और पिहोवा में विशाल जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। श्री राजनाथ सिंह ने पिहोवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रत्याशी जयभगवान शर्मा को जिताने की अपील की।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के सामने झूठ बोल रही है कि जम्मू कश्मीर में जब उनकी सरकार आएगी तो वे धारा 370 को फिर से बहाल कर देंगे।उन्होंने कहा कि काँग्रेस द्वारा लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

उन्होंने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लोग भारतीय सेना के जवानों पर भी उंगली उठाते हैं। अग्नि वीर योजना पर कॉंग्रेस को जवाब देते हुए उन्होंने  कहा कि अग्निवीर जवानों को सेवानिवृति होने पर सेवा का अवसर मिलकर रहेगा इसके लिए वे पूर्ण विश्वास दिलाते हैं।

*****************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज भिवानी जिले के बवानीखेड़ा और जींद के जुलाना में जबकि कॉंग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने चरखी दादरी में चुनावी जन सभाओं को संबोधित किया।श्रीमती  प्रियंका गांधी ने अपने घोषणा पत्र के वादे गिनाए और कहा कि हरियाणा प्रदेश में जातिगत गणना कारवाई जाएगी। उन्होंने बवानीखेड़ा में आयोजित विजय संकल्प रैली में बवानीखेड़ा से प्रत्याशी प्रदीप नरवाल व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कामरेड ओमप्रकाश के को जिताने की अपील की।उन्होंने बीजेपी पर उद्योगपतियों के पक्ष में कानून बनाए जाने के आरोप लगाए।जुलाना में विनेश फोगाट के लिए वोट की अपील करते हुए प्रियंका गांधी ने  कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।

उन्होने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने युवाओं का भविष्य समाप्त कर दिया हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की भी आलोचना की।उन्होंने निरस्त हो चुके तीन कृषि कानूनों और किसान अनोदलन को भी मुद्दा बनाने की कोशिश की। इस अवसर पर दीपेन्द्र हूडा भी मौजूद रहे ।वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने आज बेरी सहित विभिन्न हल्कों में जनसभाएं की।

*******************************************************

जींद जिले में पड़ते हरियाणा के जुलाना विधानसभा क्षेत्र पर सबकी नजरें टिकी हैं। इस बार यह सीट पर सियासी अखाड़ा बनी हुई है क्योंकि दो महिला पहलवान इस सीट से चुनाव मैदान में हैं।

हरियाणा की जुलाना विधानसभा सीट इस विधानसभा चुनाव में एक चर्चित सीट बनी हुई है क्योंकि इस बार यहां से महिला पहलवान विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी कविता दलाल भी पहलवान हैं . जिनके मुकाबले में बी जे पी ने युवा चेहरे कैप्टन योगेश बैरागी को मैदान में उतारा है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से जननायक जनता पार्टी के अमरजीत □ांडा को जीत मिली थी, जननायक जनता पार्टी ने एक बार फिर से अमरजीत को टिकट दिया है। इंडियन नैशनल लोकदल के सुरेंद्र सिंह लाठर आई एन एल डी –बी एस पी गठबंधन के उम्मीदवार के तौर

पर मैदान में हैं। जुलाना सीट का इतिहास देखा जाए तो यहां हर चुनाव में कड़ा मुकाबला होता आया है। इस बार भी मुकाबला दिलचस्प रहने के आसार हैं।

जुलाना हलके में मतदान के लिए इस बार 200 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां एक  लाख 84 हजार 665 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

*******************************************************

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आज हिसार और आदमपुर में पार्टी प्रत्याशियों संजय सतरोडिया और एडवोकेट  भूपेंदर बेनीवाल के पक्ष में रोड शो किया।उन्होंने लोगों से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को जिताने की अपील करते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर शिक्षा क्षेत्र में सुधार करेगी।

उन्होंने अपनी पार्टी की गारंटियाँ भी गिनाई।पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीम ने फतेहाबाद में पार्टी प्रत्याशी के हक में रोड शो निकाला।गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री

अरविंद केजरीवाल ने कल बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक से प्रदेश में रोड शो की शुरुआत की थी।

*******************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला ने इनेलो बसपा गठबंधन द्वारा की गई चुनावी घोषणाओं के अलावा किसानों के लिए विशेष रूप से कृषि बजट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार बनने पर कृषि बजट बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनेलो बसपा गठबंधन की पहली प्राथमिकता फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने की होगी ताकि किसानों को उसकी फसल का उचित मूल्य मिल सके और किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। इसके ईलावा उर्वरकों,पशुचारा, दवाओं व भण्डारण, कृषि के लिए बिजली की खपत सौर उपकरणों और बीजों पर सब्सिडी देने का वायदा किया गया है।

*******************************************************

आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा समाप्त हो गया । आज आखिरी दिन भी कई स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सनातन धर्म महाविद्यालय परिसर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों व नगर परिषद अंबाला सदर, नगर पालिका बराडा द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा मुहिम के

अन्तर्गत चलाए जा रहे अभियान का सफल समापन स्वच्छता पर आधारित नाटक व नृत्य प्रस्तुत करके किया गया।गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एन सी सी महिला विंग ने कॉलेज परिसर में गांधी जयंती के दिन भी स्वच्छता अभियान चलाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कैडेट्स को अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया और स्वच्छता और सामुदायिक सेवा के महत्व पर जोर दिया। स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने वाले किरप राम ने बताया।

---------